Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005
Participants : Handique Shri Bijoy Krishna,Sangwan Shri Kishan Singh

>

Title : Need to pay adequate compensation to the farmers in Haryana whose land have been acquired for construction of express highway and Rajiv Gandhi Education City.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : सभापति महोदय, मैं अपने क्षेत्र सोनीपत की एक अत्यंत गम्भीर समस्या आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में दिल्ली की बाउन्ड्री के बिल्कुल साथ लगते हुए 9-10 गांवों में किसानों की 2200 एकड़ जमीन कौड़ियों के भाव पर एक्वायर की जा रही है। वहां राजीव गांधी एजूकेशन सिटी के नाम पर, एक्सप्रैस हाईवे के नाम पर और इंडस्ट्रीज के नाम पर किसानों की जमीनें एक्वायर की जा रही हैं और इसका भाव 15-16 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब सरकार दे रही है। जबकि वहां प्रति एकड़ का भाव एक करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहां बिल्डर्स गये हुए हैं और एक-एक करोड़ रुपये के हिसाब से जमीन खरीद रहे हैं और सरकार 15 लाख रुपये के हिसाब से जमीन खरीद रही है। उसी गांव की बाउन्ड्री के साथ लगते हुए एक तरफ एक करोड़ रुपये का भाव दिया जा रहा है और दूसरी तरफ 15 लाख रुपये का भाव सरकार द्वारा दिया जा रहा है। मैं आपको उन गांवों के नाम बताता हूं। बड़खालसा गांव में 299 एकड़ ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Your demand is about adequate compensation.

SHRI KISHAN SINGH SANGWAN (SONEPAT): Yes, Sir.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You mention that only and that is enough.

… (*Interruptions*)

श्री किशन सिंह सांगवान : आप मेरी पूरी बात आने दें। वहां एक्सप्रैस हाईवे भी है।...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS(SHRI BIJOY HANDIQUE) : It is a State matter.

श्री किशन सिंह सांगवान : सर, यह केवल स्टेट मैटर नहीं है, वहां हाईवे भी है। अभी मेरी पूरी बात नहीं हुई है। मुझे एक मिनट बोलने दें। बड़खालसा गांव की 299 एकड़, फिरोजपुर की 135 एकड़, पतला की 333 एकड़, सेवली

की 662 एकड़, असावरपुर की 533 एकड़, खेवड़ा की 8 एकड़, बहालगढ़ की 4 एकड़, बढ़मलिक की 6 एकड़ और जखौली की 54 एकड़ जमीन है। इस तरह से कुल मिलाकर 2200 एकड़ जमीन है। बड़खालसा ऐसा गांव है जिसने सात सौ एकड़ जमीन मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल के लिए दान में दी थी।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You please conclude. He has said that it is a State matter. That will be looked into.

… (*Interruptions*)

श्री किशन सिंह सांगवान : वहां के किसानों में इस बात को लेकर बहुत रोा है। इसलिए उनकी जमीन को एक्वायर होने से रोका जाए।

MR. CHAIRMAN: He has said that he will look into the matter. Why do you insist?

… (*Interruptions*)

श्री किशन सिंह सांगवान : वहां मार्केट में एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ का भाव है।

MR. CHAIRMAN: After the Minister has responded then why do you continue? Now, Shri P. Rajendran please.

श्री किशन सिंह सांगवान : मेरी सरकार से मांग है कि वहां के किसान इस बात से बहुत एजिटेटिड हैं, वे बर्बाद हो जायेंगे। इसलिए सरकार इस पर ध्यान दें। यही मेरी आपसे मांग cè[R71]।